कृषि महाविद्यालय परिसर में भी लगातार गिरते भूजल स्तर और बढ़ती पानी की आवश्यकता को देखते हुए एक ऐसा प्रयास किया गया जो निश्चित ही स्वागत योग्य है। महाविद्यालय द्वारा सन् 2000 में एक तालाब का निर्माण किया गया जिसमें न केवल बरसात के पानी को सहेजा जाता है वरन उस जल को भी सहेजा जाता है, जिसे व्यर्थ समझकर हम यूँ ही बहने देते हैं। इस तालाब में पिपल्याहाना गाँव से बहकर आने वाले पानी को एकत्रित किया जाता है जिसका उपयोग खेतों में सिंचाई के लिए होता है। 5000 क्यूबिक मीटर की क्षमता वाले इस तालाब में अब वर्ष भर पानी रहता है। तालाब के एक ओर पत्थरों की दीवार कुछ इस तरह से बनाई गई है कि बारिश में तालाब की क्षमता से अधिक पानी हो जाने पर पानी खेतों में न आने पाए और सही दिशा में बह निकले। वहीं खेत का वह भाग जिसका ढलान तालाब की तरफ है वहाँ भी पत्थरों की दीवार को तार के जाल से बाँधा गया है ताकि दीवार टूटे भी नहीं और खेत की मिट्टी पानी के साथ तालाब में न जाने पाए और पत्थरों की दीवार के सहारे रुक जाए।

लैब में टेस्ट करके करते हैं सिंचाई

कई सालों से बने इस तालाब के कारण आज न केवल सिंचाई बेहतर ढंग से हो पा रही है वरन भूजल स्तर भी काफी बढ़ा है। पानी सिंचाई के लिए उपयुक्त है या नहीं इसके लिए कॉलेज में भूमि परीक्षण के साथ जल परीक्षण लैब भी बनाई गई है, जहाँ समय-समय पर पानी जाँचा जाता है। यही नहीं माह में एक बार तालाब की सफाई भी की जाती है। चूँकि तालाब के पानी का प्रयोग प्रतिदिन होता है इसलिए तालाब में पानी ज्यादा मात्रा में ज्यादा दिन तक रह नहीं पाता जिसका परिणाम यह होता है कि पानी में न तो अधिक गंदगी नजर आती है और न ही दुर्गंध उत्पन्न हो पाती है। यही नहीं इस कारण यह पानी फसल के लिए भी उपयुक्त साबित हो रहा है।

उद्देश्य पूर्ण हो रहा है

कृषि महाविद्यालय के डीन श्री एसएल नाईक का कहना है कि जिस उद्देश्य को लेकर तालाब का निर्माण किया गया था, वह उद्देश्य आज पूरा हो रहा है। कॉलेज परिसर के खुदे 5 कुएँ और 7 ट्यूबवेल में इस बार पानी पर्याप्त मात्रा में है। चूँकि तालाब के पानी से ही सिंचाई अच्छे से हो जाती है इसलिए कुएँ और ट्यूबवेल का पानी केवल पीने के काम में ही लिया जा रहा है। तालाब के बनने से न केवल कॉलेज परिसर के भूमिगत जल स्रोतों में पर्याप्त पानी है, वरन आसपास के क्षेत्रों का भी भूजल स्तर बढ़ा है। इसके अलावा खेती भी इस वर्ष बहुत अच्छी हो रही है। तालाब का एक भाग खुला रखा गया है ताकि पशु भी पानी पी सकें।

इस मौसम में हो रही है मूँग की खेती

फॉर्म इंचार्ज डॉ. एमके सक्सेना बताते हैं कि इस बार आश्चर्यजनक फसल उत्पन्न हुई है। गेहूँ की फसल में तीन से चार बार सिंचाई की आवश्यकता होती है और यह जरूरत तालाब के पानी से ही पूरी की गई थी। इस साल गेहूँ 460 क्विंटल उत्पन्न हुआ और चना 360 क्विंटल। मूँग की खेती जो अमूमन बारिश में होती है वह महाविद्यालय में गर्मी के मौसम में की जा रही है और इसकी भी सिंचाई तालाब के पानी से ही हो रही है। इस मौसम में मूँग के बीज उत्पन्न करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि जब मूँग की खेती का दौर प्रारंभ हो तब किसानों के पास उन्नत बीज हो। तीन हैक्टेयर में जेएम 721 और एचयूएम 1 मूँग के बीज उत्पन्न किए जा रहे हैं।

जल संरक्षण से कृषि बनेगी फायदेमंद सौदा

वर्षा की कमी और गिरते वाटर लेवल के चलते वर्तमान में खेती के लिए जल संरक्षण सबसे अहम मुद्दा बन गया है। वैज्ञानिकों के प्रयासों से जहां जल संरक्षण की कई नई तकनीकें विकसित हो गई हैं, वहीं किसान वर्ग भी खेती को आर्थिक रूप से लाभदायक बनाने के लिए इस ओर ध्यान देने लगे हैं।

■ संजय गुप्ता

इंदौर। बिन पानी सब सून की उक्ति खेती के लिए बिल्कुल सही बैठती है। जिन किसानों के पास पानी पर्याप्त है, वे खरीफ, रबी के अलावा जायद फसलें भी आराम से ले रहे हैं और दूसरे किसानों की तुलना में दोगुना लाभ ले रहे हैं।

क्या है जल संरक्षण

बारिश के पानी को भविष्य के लिए सहेजना ही जल संरक्षण है। इसके लिए स्टॉपडेम, रिसन तालाब, जल संग्रहण तालाब आदि का निर्माण किया जाता है। कृषि अनुसंधान संस्थान, इंदौर में डॉ. दीपक हरि रानडे, जीतेंद्र सिंह, नवीन कुमार और रेणु शुक्ला की एक टीम इसी विषय पर रिसर्च कार्य कर रही है। डॉ. रानडे बताते हैं कि वर्तमान में जल संरक्षण के लिए संग्रहण तालाब किसानों के लिए सबसे अधिक फायदेमंद होता है।

संग्रहण तालाब– यह तालाब ऐसी जमीन पर बनाया जाता है जिसमें रिसन नहीं होता है। इन तालाबों में वर्षा का और बहकर आया पानी जमा हो जाता है, जिससे किसान रबी की फसलों के अलावा जायज फसलों की भी इस पानी से सिंचाई कर पाते हैं। डॉ. रानडे बताते हैं कि किसानों को तालाब ऐसी जमीनों पर बनवाना चाहिए जहां वर्षा का पानी बहकर आता हो साथ ही जमीन में रिसन की समस्या न हो। इससे तालाब में पानी का संग्रह अच्छा होता है। ये तालाब जमीन के आधार पर गोलाकार, वर्गाकार, सर्पिलाकार आदि आकार के होते हैं।

रिसन तालाब– इस तरह के तालाब वाटर लेवल बढ़ाने के लिए बनाए जाते हैं। ये ऐसी जमीनों पर बनते हैं जिसमें पानी रुकता नहीं है, बल्कि रिसकर जमीन के अंदर चला जाता है। सामान्यतः किसानों के लिए ये तालाब अधिक लाभदायक नहीं होते हैं।

स्टॉपडेम– यह वर्षा के पानी को अस्थायी रूप से रोकने का तरीका होता है। इस विधि में किसी गहरी जमीन या नाले में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर पत्थर, रेत की बोरी आदि की मदद से अस्थायी जल संग्रहण टैंक बना लिए जाते हैं, इससे जहां वाटर लेवल बढ़ता है, वहीं वर्षा अंतराल ज्यादा होने पर इनसे सिंचाई भी की जा सकती है।

किसानों ने बनवाए तालाब

कृषि कॉलेज इंदौर में वर्ष 2000 में मात्र 1लाख 85000 रुपए की लागत से 70 लाख लीटर की क्षमता वाला तालाब बनाया गया था। डॉ. रानडे बताते हैं कि इसी से प्रेरित होकर कई किसानों ने उनकी टीम की मदद से अपने खेतों में तालाब बनवाए हैं। ग्राम पानोड़ में किसान लक्ष्मणसिंह चौहान, ग्राम डकाच्या में किसान संतोष चौधरी आदि ने अपने खेतों में तालाब बनवाए हैं।

जल संरक्षण से लाभ

1. किसान खरीफ, रबी के अलावा खाली समय में सब्जियां भी ले सकते हैं।
2. वर्षा के दिनों में अंतर अधिक होने पर फसलें सूखने लगती हैं, उस समय यह संरक्षित जल फसलों के काम आता है।
3. गेहूं की फसल को तीन बार पानी मिल जाता है, जिससे उत्पादन डेढ़ गुना तक मिल जाता है।
4. अधिक उन्नत बीजों के लिए अधिक पानी की जरूरत होती है। इस संरक्षित जल से यह कमी पूरी हो जाती है।
5. आर्थिक रूप से भी यह अधिक महंगा नहीं पड़ता है, साथ ही पानी के कारण मिले अतिरिक्त उत्पादन से यह खर्चा भी दो सालों में ही पूरा हो जाता है।

■ नेहा ठाकुर

रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के साथ-साथ शहर में वाटर रिचार्जिंग के अन्य तरीकों को भी आजमाया जा रहा है। एग्रीकल्चर कॉलेज में अपनाई गेबियन स्ट्रक्चर तकनीक ने न केवल सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया, बल्कि क्षेत्र में भूजल स्तर को भी सुधारा।

एग्रीकल्चर कॉलेज ने संवार दिया क्षेत्र को

इंदौर। बारिश आते ही सभी को वॉटर रिचार्जिंग की चिंता होने लगी है। नीचे जाते भूजल स्तर को देखते हुए शहर में कई लोगों ने वाटर रिचार्जिंग के लिए रूफ वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाया, तो कुछ ने इसके लिए कवायद शुरू कर दी है। इस मुद्दे की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की मुहिम में राज एक्सप्रेस ने गेबियन स्ट्रक्चर के बारे में जानकारी संजोने का प्रयास किया है।

इंदौर के रहवासियों को रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में जागरूक करने के इस अभियान में बहुत हद तक सफलता मिल रही है। राज एक्सप्रेस के दफ्तर में फोन लगाकर इस संबंध में जानकारी हासिल करने वालों की संख्या भी कम नहीं रही। कुछ ने तो बाकायदा रूफ वाटर हार्वेस्टिंग और वाटर रिचार्जिंग के अन्य तरीकों को अपनाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं।

गांवों के लिए भी कारगर

इसी कड़ी में कृषि महाविद्यालय कैम्पस में वॉटर रिचार्जिंग के लिए गेबियन स्ट्रक्चर को अपनाया गया है। महाविद्यालय के वैज्ञानिकों का कहना है कि इस स्ट्रक्चर को यदि ग्रामीण इलाकों में अपनाया जाए, तो काफी हद तक सिंचाई की समस्या से निजात पाई जा सकती है। इससे न केवल भूजल स्तर बढ़ाने में मदद मिल रही है, बल्कि उच्च श्रेणी की गुणवत्ता वाली फसल भी ली जा सकती है।

सबसे आसान और टिकाऊ तकनीक

गेबियन स्ट्रक्चर पानी रोकने की सबसे आसान और टिकाऊ तकनीक है। इस प्रक्रिया के तहत वर्षा जल बहाव वाले नालों और छोटी नालियों को एक तालाब में मिलाया जाता है। इन नालों पर छोटे-छोटे स्टॉपडेम बनाए जाते हैं। यह स्टॉपडेम एरन (बड़े पत्थर) को जमाकर बनाया जाता है, जिसमें सीमेंट का उपयोग नहीं होता है। पत्थरों की मजबूती के लिए लोहे की जाली से उन्हें कसा जाता है। बारिश में इन नालों से पानी ओवरफ्लो होकर बड़े तालाब में जमा हो जाता है। तालाब में भी एरन जमाकर ढलान पर सीढ़ीनुमा संरचना बनाई जाती है। इन सभी संरचनाओं को लोहे की जाली से कसा जाता है, जिससे मिट्टी का क्षरण तो रुकता ही है, साथ ही लम्बी अवधि के लिए पानी भी जमा हो जाता है। स्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाए बगैर अतिरिक्त पानी बह जाता है, जिसे छोटी-छोटी नालियों के रूप में खेतों की ओर मोड़ दिया जाता है। रिचार्जिंग और वाष्पीकरण के लिए यह तरीका अत्यंत कारगर साबित हुआ है।

गेबियन स्ट्रक्चर से होती है सिंचाई

एग्रीकल्चर कॉलेज क्षेत्र में सन 2003 में बनकर तैयार हुए गेबियन स्ट्रक्चर से कैम्पस की लगभग 60 एकड़ भूमि की सिंचाई की जाती है। 150 मीटर लंबे तालाब में सात हजार क्यूबिक मीटर पानी आ जाता है।

आसपास के इलाके भी हो गए समृद्ध

एग्रीकल्चर कॉलेज के सीनियर साइंटिस्ट डीएच रानाड़े का कहना है कि इस स्ट्रक्चर से न केवल एग्रीकल्चर कॉलेज में सिंचाई की समस्या का समाधान हुआ है, बल्कि आसपास के इलाकों का भूजल स्तर भी सुधरा है। आसपास के इलाकों में अब गरमियों में बोरिंग सूखने की समस्या नहीं है, जो कुछ साल पहले तक लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था।

सालभर नहीं होती पानी की दिक्कत

एग्रीकल्चर कॉलेज में अपनाए मॉडल की बदौलत क्षेत्र के बोरिंग भी सालभर आबाद रहते हैं। आसपास के रहवासियों को भी पानी के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता। वैज्ञानिकों के अनुसार इस पद्धति का उपयोग ग्रामीण इलाकों में किया जा सकता है।

एक गाँव, दो तालाब और ढेर-से फायदे

डॉ. दीपक हरि रानडे

ग्राम डकाच्या इंदौर जिले की साँवेर तहसील में इंदौर से २० कि.मी. की दूरी पर आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित है। वैसे तो यह एक संपन्न ग्राम है, परंतु यहाँ दो-दो बड़े तालाब होने के बावजूद गाँव भूजल की कमी से प्रभावित रहता है। उदाहरण के तौर पर कृषक शिवनारायण ने अपने खेत में करीब १४ ट्यूबवेल करवाए, जिनमें से केवल दो से ही सीमित मात्रा में पानी मिल रहा है, जिससे कुछ ही खेतों में रबी फसलों की सिंचाई की जा सकती है। ऐसे कई और उदाहरण हैं जो यह दर्शाते हैं कि ग्राम डकाच्या भूजल की कमी से ग्रसित है।

क्षेत्र की मिट्टी काफी उपजाऊ है और यदि फसलों में एक या दो अतिरिक्त सिंचाई प्रदान की जाए तो उत्पादन में वृद्धि हो सकती है। काली मिट्टी से जल-अपवाह काफी मात्रा में होता है और यदि इसे उचित स्थान पर एकत्रित किया जाए तो इस संग्रहीत जल का उपयोग फसलों की सिंचाई, मछली पालन इत्यादि में किया जा सकता है। इस हेतु तालाब बनाना ही एकमात्र उपाय है।

इसी अवधारणा को ध्यान में रखते हुए ग्राम डकाच्या में अप्रैल-२००५ में एक वर्षा जल प्रबंधन परियोजना (जो कि कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा पोषित है) प्रारंभ की गई है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल प्रबंधन हेतु आर्थिक रूप से संभावित जल संग्रहण तालाबों का विश्लेषण करना है।

सामान्यत: कई क्षेत्रों में काली मिट्टी के नीचे की परत मुरम की होती है, जिसमें से पानी रिसकर नीचे चला जाता है। ऐसी जगह जल संग्रहण तालाब न बनकर वह जल रिसन तालाब बन जाता है। हालाँकि जल रिसन तालाब के भी अपने फायदे हैं। परंतु यदि किसी किसान ने एक बड़ी राशि खर्च कर अपने खेत के एक हिस्से में ऐसा तालाब बनाया हो तो उसे उसमें पानी न रुकते देखकर काफी निराशा होती है। सौभाग्य से डकाच्या क्षेत्र में गहरी काली मिट्टी है और उसके नीचे पीली मिट्टी की परत पाई जाती है।

सामान्यत: तालाब ३ प्रकार से बनाए जा सकते हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में बंधान बनाकर, समतल क्षेत्रों में खोदकर व नालों के आसपास खोदकर तथा बंधान बनाकर। चूँकि डकाच्या क्षेत्र में पहाड़ी क्षेत्र शामिल नहीं है अत: दो प्रकार के तालाब यहाँ बनाए गए।

ये तालाब कृषक बंधु संदीप पटेल व प्रसन्ना के खेत में उचित स्थान पर समतल क्षेत्र को खोदकर बनाए गए। यह स्थान इस प्रकार चुना गया जहाँ ऊपर के खेतों से पानी बहकर आता हो। सामान्यत: तालाब खोदने के लिए जेसीबी मशीन का उपयोग किया जाता है। खोदी गई मिट्टी को डम्पर या ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से खेत के निचले व असमतल हिस्सों में डालकर उसे समतल बनाया गया। साथ ही खोदी गई मिट्टी से ही तालाब के प्रक्षेत्र को बंधान का रूप देकर आयातकार रूप दिया गया।

चूँकि यह तालाब जमीन को खोदकर बनाया है, इसलिए इसके टूटने की संभावना नहीं होती है। तालाब बनाने के दौरान यह सुनिश्चित होना चाहिए कि तालाब भरने पर खेतों में जल भराव की समस्या न होने पाए। इस साल एक अगस्त-२००५ की भारी बारिश ने इन दोनों तालाबों को भर दिया है और इनमें क्रमश: ३०५० और २९३० घनमीटर जलराशि एकत्रित की गई।

दूसरे प्रकार के तालाब के निर्माण हेतु शिवनारायण चौधरी के खेत का चयन किया गया। आगरा-मुंबई राजमार्ग से आने वाली एक पुलिया से आने वाला जल-अपवाह इस खेत के बीच से निकलता है। इस कारण यह भूमि दो हिस्सों में बँट गई है। इन दोनों भूमियों के बीच में एक लंबा व चौड़ा सर्पाकार नाला बन गया था। इसी नाले को गहरा व चौड़ा कर मिट्टी के बंधान की सहायता से तालाब निर्माण का प्रयास किया गया। नाले के खोदे गए हिस्से में जल संग्रहीत किया जाना था व मिट्टी के बंधान की सहायता से एक निश्चित मात्रा का जल रोककर अतिरिक्त जल को निकास प्रदान करना था।

कई जगह सीमेंट की सहायता से स्टॉपडेम बनाकर पानी कई जगहों पर रोका गया है, परंतु यह देखा गया है कि इन स्टॉपडेमों में गेट के माध्यम से जल सितंबर माह में ही रोका जा सकता है। साथ ही काली मिट्टी के फैलने व सिकुड़ने की क्षमता के कारण इनमें टूटफूट की संभावना भी काफी बनी रहती है। अत: जल निकासी के लिए गेबियन संरचना, जो कि लचीली व टिकाऊ होती है, का निर्माण किया गया। एक अगस्त २००५ जैसी भारी बारिश व उसके उपरांत होने वाले जल-अपवाह को संग्रहीत कर अतिरिक्त जल को सुरक्षित तरीके से खेत से बाहर निकालने में गेबियन अधिक कारगर होते हैं। इस भारी जल-अपवाह के दौरान गेबियन संरचना को तकनीकी रूप से कोई नुकसान नहीं पहुँचा बल्कि मिट्टी के बंधान की कुछ मिट्टी बह गई। अत: सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि गेबियन संरचना के अभाव में मिट्टी का बंधान कभी भी टूट सकता था। केवल मिट्टी के बंधान से बनाए गए तालाबों में टूटफूट के समाचार अन्य स्थानों से बारिश के दौरान सुने जा चुके हैं। अत: दूसरे प्रकार के तालाब निर्माण में अतिरिक्त सावधानी के साथ-साथ जल निकास के लिए लचीली व टिकाऊ गेबियन संरचना का निर्माण भी आवश्यक है।

एक अगस्त २००५ की बारिश के बाद लगभग २०-२५ दिनों तक बारिश न होने से सोयाबीन की फसलों को नुकसान होने की आशंका थी। इस दौरान उक्त तालाबों से किसानों ने फव्वारा सिंचाई पद्धति से फसलों में जान डाली और फसल को बचाया। सितंबर की बारिश से न केवल ये तालाब पुन: भर गए बल्कि इस बारिश से रबी फसलों की संभावना भी बढ़ गई।

परियोजना के उद्देश्यों के अनुसार इन तालाबों में मछली पालन को प्रोत्साहन देने हेतु इनमें मछलियों के बच्चे, जो कि मत्स्य विभाग इंदौर से प्राप्त किए गए, छोड़े गए हैं। परियोजना का उद्देश्य न केवल जल संग्रहण को बढ़ावा देना है, बल्कि इन तालाबों के अन्य उपयोगों से किसान की आमदनी को बढ़ाना भी है।

जल एवं मृदा संरक्षण की उपयोगी तकनीक

• डॉ. दीपक हरि रानडे एवं एम.सी. चौरसिया

मालवा क्षेत्र सामान्यतः तो पठार क्षेत्र है परंतु कई खेतों के पास छोटी-मोटी ऊँची पहाड़ियाँ भी होती हैं।

मालवा क्षेत्र की औसत वर्षा लगभग १००० मि.मी. है। इस क्षेत्र में काली मिट्टी पाई जाती है, जिसमें जल-अपवाह की मात्रा अन्य किस्म की मिट्टियों की तुलना में अधिक होती है। अतः पहाड़ी क्षेत्रों से लगी हुई कृषि भूमियों में भू-क्षरण की संभावना अधिक बनी रहती है क्योंकि इन पहाड़ी क्षेत्रों से (जो कि प्रायः वनस्पति व मृदारहित होती है) बहता हुआ पानी (जल-अपवाह) तेजी से नीचे स्थित कृषि भूमियों की तरफ भागता है। यह जल-अपवाह इन कृषि भूमियों में भू-क्षरण को बढ़ावा देता है व खेतों को कई नालियों के रूप में बदल सकता है। यह समस्या उस समय और गंभीर हो जाती है जब कई खेतों से निकलने वाला जल-अपवाह एक जगह एकत्रित होकर किसी खास खेत से गुजरता है। इस प्रकार जल-अपवाह की मात्रा व गति बढ़ने के कारण यह खेत कई हिस्सों में बँट जाता है और कृषि योग्य नहीं रह जाता है। हालाँकि इस समस्या का समाधान आसान नहीं होता है परंतु कुछ परिस्थितियों में उचित जल निकास नालियों के निर्माण से इस समस्या से काफी हद तक छुटकारा पाया जा सकता है।

ऐसा ही एक प्रयास क्रियात्मक अनुसंधान परियोजना (शुष्क खेती) कृषि महाविद्यालय, इंदौर के वैज्ञानिकों द्वारा इस परियोजना के अंतर्गत साँवेर तहसील के ग्राम जैतपुरा में किया गया। जैतपुरा से मुंडला हुसैन व धनखेड़ी मार्ग पर स्थित कृषक छगनलाल इस समस्या से कई वर्षों से ग्रसित थे। उनके खेत से पहाड़ी क्षेत्र व उनसे लगे कई खेतों का जल-अपवाह बरसात के दिनों में तेजी से बहता था। इस कारण खेत में सर्पाकार नालियाँ बनकर वह कई हिस्सों में बँट चुका था। इस भूमि के कुछ ही हिस्सों में फसलोत्पादन संभव हो पाता था। साथ ही भू-क्षरण के कारण इनके खेत की उत्पादन क्षमता भी काफी कम हो गई थी। इस समस्या का समाधान मुख्य रूप से था जल-अपवाह को इनके खेतों से दूर रख जल का सुरक्षित निकास किया जाए।



उपचार के पहले ▲
उपचार के बाद ►

इस कार्य हेतु जे.सी.बी. मशीन का उपयोग कर इनके खेत के ठीक सामने एक २२५ मी. लंबी व गहरी नाली (जिसकी गहराई १.३० मी. व चौड़ाई १.२० मी. रखी गई) खोदी गई। इस नाली को प्राकृतिक रूप से बहने वाले एक बड़े नाले से जोड़ दिया गया। इस समरूप नाली से बरसात के दिनों में ऊपरी खेतों से आने वाला जल-अपवाह खेतों में न जाते हुए उस प्राकृतिक नाले से निकलने लगा। इस नाली की खुदाई से निकलने वाली काली मिट्टी को खेत के निचले हिस्सों, गड्ढों व नालियों में भरकर उस क्षेत्र को समतल कर दिया गया। इस प्रकार लगभग २५०० वर्ग मी. का नया हिस्सा समतल होकर खेती करने योग्य बनाया।

मार्च २००५ में किए गए इस कार्य का परिणाम अगस्त २००५ में सामने आया। छगनलाल ने जुलाई माह में पूरे खेत में सोयाबीन लगाई। १ अगस्त २००५ को लगभग ८ इंच बारिश इस क्षेत्र में नापी गई। वर्षा की इस तीव्रता से सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि पहाड़ी क्षेत्र से कितनी मात्रा में जल-अपवाह हुआ होगा। यह सभी जल-अपवाह छगनलाल के खेत से निकल सकता था और भारी तबाही मचा सकता था, यदि इस जल निकास नाली का निर्माण नहीं किया जाता। इस नाली की दशा देखकर सहज ही कल्पना हो उठती है कि इनकी उपयोगिता खेतों को बचाने में कितनी सार्थक है।

छगनलाल इन सभी प्रयासों से काफी खुश हैं। वे जानते हैं कि इस नाली की बदौलत उन्होंने न केवल अपनी फसल, खेत की मिट्टी इत्यादि को बचाया है बल्कि पूर्व में कई टुकड़ों में बँटे खेत के समतल हो जाने से इसका बाजार मूल्य भी बढ़ गया है।

अतः जल एवं मृदा संरक्षण की इस तकनीक से मालवा क्षेत्र में पाई जाने वाली ऐसी भौगोलिक परिस्थितियों का मुकाबला कर भूमि क्षरण को रोककर कृषि उत्पादन व कृषि योग्य भूमि के क्षेत्र में वृद्धि की जा सकती है। ■■

सफलता गाथा

मछली–मछली, वर्षा पानी

डा. दीपक हरि रानडे, जितेन्द्र सिंह और नवीन कुमार
शुष्क खेती परियोजना, कृषि महाविद्यालय, इंदौर, म.प्र.

इंदौर से 20 कि.मी. की दूरी पर आगरा–मुंबई राष्ट्रीय सड़क मार्ग के किनारे सांवरे तहसील का एक ग्राम डकाच्या है, वैसे तो यह एक सम्पन्न ग्राम है। यहां बहुत सारे किसानों के पास कृषि के आधुनिक यंत्र–ट्रैक्टर व पशुधन मौजूद हैं। इस गांव का कुल रकबा 1250 हैक्टर है और लगभग इसमें 302 ट्यूबवैल मौजूद हैं। मगर दुख की बात यह है कि यह गांव दो बड़े–बड़े तालाबों की मौजूदगी के बावजूद भू–जल की कमी से प्रभावित रहता है। उदाहरण के तौर पर कृषक श्री शिवनारायण ने अपने खेत में करीब 14 बोरिंग (ट्यूबवैल) खोदे थे जिनमें से केवल दो ही सीमित मात्रा में जल प्रदान करते हैं, जिससे रबी फसलों की सिंचाई भी कुछ ही खेतों में की जा सकती है। ऐसे तमाम उदाहरण सामने हैं जो यह दर्शाते हैं कि ग्राम डकाच्या में भू–जल का टोटा है, मगर गर्व की बात यह है कि इस क्षेत्र की मिट्टी काफी उपजाऊ है और यदि फसलों को एक या दो अतिरिक्त सिंचाई प्रदान की जाये तो उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है। चूंकि काली मिट्टी से जल अपवाह काफी मात्रा में होता है और यदि इसे उचित स्थान पर एकत्रित किया जाये तो इस संग्रहित जल का उपयोग फसलों की सिंचाई, मछली पालन इत्यादि में किया जा सकता है। इसे संग्रहित करने हेतु तालाब का निर्माण ही एकमात्र उपाय होगा जोकि किसान–व्यक्तिगत रूप से अपने खेत के हिस्सों में बना सकते हैं।

इस अवधारणा को ध्यान में रखते हुए ग्राम डकाच्या में अप्रैल 2005 से एक वर्षा जल प्रबंधन परियोजना जो कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा पोषित है, प्रारंभिक की गयी है। इस परियोजना का उद्देश्य वर्षा जल प्रबंधन हेतु आर्थिक रूप से संभावित जल संग्रहण तालाबों का विश्लेषण करना है।

सामान्यतः कई क्षेत्रों में काली मिट्टी के नीचे की परत मुरम की होती है जोकि पानी को रोककर संग्रहित नहीं कर पाती बल्कि उसे जमीन में रिसा देती है। इस प्रकार जल–संग्रहण तालाब न बनकर वह जल–रिसन तालाब हो जाता है। हालांकि जल–रिसन तालाब के भी अपने फायदे हैं, परंतु यदि किसी किसान भाई ने एक बड़ी राशि खर्च कर अपने खेत के एक हिस्से में ऐसा तालाब बनवाया हो तो उसे जल की रिसाव दर से संग्रहित न होने वाले तालाब को देखकर काफी निराशा होती है। सौभाग्य से डकाच्या क्षेत्र में गहरी काली मिट्टी है और उसके नीचे की परत पीली मिट्टी की पायी जाती है जिसमें प्रसाव दर नगण्य होती है और वर्षा जल को इस प्रकार खोदे गये तालाब में काफी दिनों तक संग्रहित किया जा सकता है।

और कारवां आगे बढ़ा

परियोजना के दौरान ऐसे कुल तीन क्षेत्रों का चुनाव किया गया जहां पर वर्षा जल को संग्रहित किया जा सके। सामान्यतः तालाब तीन प्रकार से बनाये जा सकते है। पहाड़ी क्षेत्रों में बन्धान बनाकर, समतल क्षेत्रों में खोदकर व नालों के आस–पास खोदकर व बन्धान बनाकर। चूंकि डकाच्या क्षेत्र में पहाड़ी क्षेत्र शामिल नहीं है अतः दो प्रकार के तालाब यहां बनाये गये।

खोदे गये तालाब कृषक–बन्धु श्री संदीप पटेल व श्री प्रसन्ना के खेत में उचित स्थान देखकर बनाये गये। यह स्थान इस प्रकार चयनित किया गया कि इस क्षेत्र में आने वाला जल–अपवाह ऊपर के खेतों से आता हो। सामान्यतः तालाब खोदने के लिए जे.सी.बी. मशीन का उपयोग किया जाता है। खोदी गयी मिट्टी को डम्पर या ट्रैक्टर–ट्रॉली के माध्यम से खेत के निचले व असमतल हिस्सों में डालकर उसे समतल बनाया गया। साथ ही खोदी गयी मिट्टी से ही तालाब के प्रक्षेत्र को बन्धन का रूप देकर आयताकार रूप दिया गया।

इस प्रकार बनाये गये तालाब की खासियत यह होती है कि तालाब में पानी भरने के उपरान्त अतिरिक्त जल जैसा पूर्व में (तालाब निर्माण के पूर्व) जिस जल–मार्ग से बहकर निकलता था, वैसा ही अब तालाब भरने के बाद निकलता है। चूंकि यह तालाब जमीन को खोदकर बनाया जाता है, इसके टूटने की सम्भावना बिल्कुल भी नहीं होती है। तालाब बनाने के दौरान यह सुनिश्चित होना चाहिए कि तालाब भरने पर खेतों में जल भराव की समस्या न होने पाये। सन् 2005 की भारी बारिश ने इन दोनों तालाबों को भर दिया था और इसमें क्रमशः 3050 और 2930 घन मी. जलराशि एकत्रित की गयी।

दूसरे प्रकार के तालाब के निर्माण हेतु श्री शिवनारायण चौधरी के खेत का चयन किया। यह कृषि भूमि आगरा–मुंबई सड़क राष्ट्रीय सड़क मार्ग से आने वाली एक पुलिया

कृषक जगत
संपूर्ण कृषि अखबार

6

कृषक जगत
29 जनवरी से 4 फरवरी 2001

गेबियन- एक बहु लाभकारी संरचना (ढांचा)

● डॉ. दीपक हरि रानडे,
● ललित कुमार जैन,
● अरविंद सिंह तोमर
● सुनील विश्वकर्मा
तदर्थ परियोजना,
कृ. महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.)

मालवा क्षेत्र में नालों में काली मिट्टी की जमा हो रही गाद भराव को रोकने के लिए जिन ढांचों (संरचनाओं) का उपयोग किया जा रहा है उन्हें गेबियन कहते हैं. ये कैसे उपयोग की जाएं, इनके क्या लाभ हैं आदि की जानकारी इस परियोजना पर कार्यरत कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत लेख में दी जा रही है.

मोन्टमोरिलोनाइट मृतिका की मात्रा अधिक होने के कारण मालवा-निमाड़ की मिट्टी में सूखने पर सिकुड़ने एवं गीली होने पर अत्यधिक फैलने की प्रवृत्ति होती है. यह मिट्टी गीली होने पर सहजता से टूट जाती है और वर्षा की भारी बूंदों व तेज बहते हुए जल के साथ ये सूक्ष्म कण विस्थापित हो शीघ्रता से दूर चले जाते हैं. मिट्टी की ऊपरी सतह पर पानी की भारी बूंदों के टकराने से यह कण विछिन्न हो, पानी से संतृप्त सतह पर पुनः गिरकर ढाल से बहकर आने वाले अपवाहित जल द्वारा दूर ले जाए जाते हैं. इस प्रकार भारी वर्षा उपरांत उपजाऊ मिट्टी की अत्यधिक मात्रा, बहते हुए अपवाहित जल द्वारा भी मिट्टी के काटने से मिट्टी के कण अलग होकर दूर ले जाए जाते हैं. अधिक ढाल तथा ऊँचे स्थानों पर भूमि के कटनेप से छापरे व नाले बन जाते हैं जो समय के साथ-साथ गहरे व आगे बढ़ते जाते हैं. ये नाले समयोपरांत, आगे की ओर बढ़ते हुए कृष्य भूमि व घास मैदानों को काटते हुए निचले प्रवाह में अधिक गहरे व चौड़े होते जाते हैं व बाद में इसमें बागली नाले बन जाते हैं. इन नालों को फैलने, बढ़ने व कृषकों के खेतों को बीहड़ में बदलने से रोकने के लिए इनका स्थिरीकरण किया जाना अत्यावश्यक है. नालों के स्थिरीकरण से तालाबों में संग्रहण क्षेत्रों से आने वाली गाद को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है.

एक वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार इंदौर जिले में गंभीर नदी पर बने यशवंत सागर बांध में प्रतिवर्ष 18 टन/हेक्टेयर/वर्ष की दर से गाद का जमाव हो रहा है, फलस्वरूप इसकी जल संग्रहण क्षमता में लगातार कमी होती जा रही है.

नालों का स्थिरीकरण करने के लिए विभिन्न प्रकार की संरचनाएं, जिसमें कांक्रीट संरचनाएं भी शामिल हैं, उपयोग किया जाता है. यह संरचनाएं, मालवा-निमाड़ क्षेत्र की काली मिट्टी की फैलने व सिकुड़ने की प्रवृत्ति के कारण टूट-फूट होने से अपेक्षित कार्य समुचित ढंग से नहीं कर पाती हैं. जिससे मानव श्रम, धन व समय का अपव्यय होता है. कांक्रीट संरचनाओं के स्थान पर काली मिट्टी की प्रवृत्ति को ध्यान में रखकर लचीली, मजबूत, अर्धस्थायी संरचनाएं जो जगह पर ही उपलब्ध सामग्री के उपयोग से अकुशल श्रमिकों द्वारा अपेक्षित उद्देश्यों को पूरा कर सके, नालों के स्थिरीकरण हेतु बनाई जाना चाहिए.

ऐसी ही एक लचीली व मजबूत संरचना, पत्थर के टुकड़ों को तार की बुनी हुई जालियों में जमा कर बनाई जाती है, गेबियन कहलाती है. ये संरचनाएं पानी के साथ घुलकर आने वाली मिट्टी के कणों को रोकने में सहायक सिद्ध हुई हैं. साथ ही इन संरचनाओं की लागत समान उद्देश्यों की पूर्ति हेतु बनाई गई कांक्रीट सरंचनाओं की तुलना में लगभग एक चौथाई पाई गई है.

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा उपरोक्त बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए मालवा क्षेत्र की काली मिट्टी में नालों के पुनरुद्धार हेतु अर्ध स्थायी संरचनाओं की उपयुक्तता नामक एक तदर्थ परियोजना,

प्रदेश के जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कृषि महाविद्यालय, इंदौर परिसर हेतु स्वीकृत की गई है. इस परियोजना के माध्यम से मालवा क्षेत्र में गेबियन संरचनाओं के उपयोग से नालों का स्थिरीकरण किया जाना प्रस्तावित है. तीन वर्षीय इस परियोजना की कुल लागत सोलह लाख साठ हजार सात सौ साठ रुपए हैं. इस परियोजना के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:-

- काली मिट्टी क्षेत्रों में नालों का स्थिरीकरण.
- कृषि भूमि के कटाव को रोकने के लिए नालों के बढ़ने की प्रक्रिया रोकना.
- महंगी कांक्रीट संरचनाओं का विकल्प तलाशना एवं
- उचित स्थानों पर गेबियन संरचनाओं के माध्यम से अप्रवाहित जल संग्रहित करना.

परियोजना के प्रथम चरण में कृषि महाविद्यालय, इंदौर में 50 लाख लीटर जल संग्रहण क्षमता वाले तालाब का निर्माण मात्र 1,45,000 रुपए में तालाब के आगम एवं निकास स्थानों पर गेबियन संरचनाओं के उपयोग के साथ किया गया है. इस तालाब में कृषि महाविद्यालय, इंदौर परिसर के पास ग्राम पिपल्याहाना के ट्यूबवेलों से निकला अतिरिक्त जल, महाविद्यालय अनुसंधान प्रक्षेत्र से बहने वाला अप्रवाहित जल व वर्षा उपरांत समीपस्थ क्षेत्रों से बहकर आने वाला जल संग्रहित हो रहा है.

इस तालाब में इस वर्ष की ग्रीष्म ऋतु में लगभग 50 लाख लीटर पानी की उपलब्धता, समीपस्थ रहवासियों व क्षेत्रीय नागरिकों के लिए कौतूहल का विषय बन गया है.



इन गेबियन संरचनाओं का उपयोग पूर्व में भी इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हिंगोनिया व पिपल्यातफा गांवों में सफलतापूर्वक किया जा चुका है. परंतु शहर से 24 किलोमीटर दूर होने के कारण इन संरचनाओं तक पहुंचना हर किसी व्यक्ति के लिए सुलभ नहीं था, वहीं शहर के करीब होने, स्थान की उपयुक्तता व पहुंचने की सुलभता से कृषि महाविद्यालय, इंदौर परिसर में बनाई गई गेबियन संरचनाओं का प्रदर्शन महत्व, शहरी क्षेत्र में किए गए पहले सार्थक प्रयास होने से ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में बढ़ गया है. फलस्वरूप, इस अल्प अवधि में अनेक कृषक, कृषि विभाग के प्रचार-प्रसार अधिकारी एवं कुछ जिज्ञासु प्रशासक व राजनेता समय-समय पर इस गेबियन संरचनाओं युक्त तालाब का अवलोकन करते रहे हैं.

मालवा क्षेत्र में पारिस्थितिक उपलब्धता से कृत्रिम रूप से जल के आगम एवं निकास स्थानों पर गेबियन संरचनाओं के उपयोग के बिना भी तालाब का निर्माण किया जा सकता है. इन स्थानों पर मिट्टी बंधान का उपयोग कर अप्रवाहित जल का संग्रहण किया जा सकता है तथा प्राकृतिक नालों के माध्यम से अतिरिक्त जल का निकास किया जाता है.

तालाब में दीर्घ अवधि तक एकत्रित जल का संग्रहण, तालाब के भू सतह गुणों पर निर्भर करता है. तीव्र गति से रिसाव होने की दशा में संग्रहित जल 15-20 दिनों में जमीन में रिस जाता है. इंदौर-उज्जैन राजमार्ग पर चेतना केन्द्र के समीप ग्राम बारोली में इसी प्रकार का एक रिसन तालाब, कृषि महाविद्यालय, इंदौर की क्रियात्मक अनुसंधान परियोजना द्वारा क्षेत्र के तीन कृषकों द्वारा प्रदत्त भूमि पर जून 1991 में बनाया गया है. इस रिसन तालाब का जलागमन क्षेत्र लगभग 8 हेक्टेयर है जो संपूर्ण पहाड़ी क्षेत्र है.

अतः इस तालाब में काफी मात्रा में जल अप्रवाहित होकर आता है. तालाब की भू सतह में मुरम की अधिकता होने से संग्रहित जल का पूर्ण रिसाव, जमीन के अंदर हो जाता है. इस तालाब के निर्माण से करीब 100 मीटर दूरी पर बने कुएं में जल की उपलब्धता हमेशा बनी रहती है. इस कुएं के मालिक कृषक के अनुसार वे पिछले पंद्रह वर्षों में दो-तीन सिंचाई प्रति वर्ष से अधिक सिंचाई कभी नहीं कर सके, परंतु रिसन तालाब के निर्माण के बाद वे अब चार अतिरिक्त सिंचाई कर पाने में समर्थ हुए हैं. इस प्रकार रिसन तालाबों के निर्माण से कुओं में जल आपूर्ति बढ़ाकर अतिरिक्त सिंचाई की संभावना बढ़ाई जा सकती है.

लगातार बहने वाले जल के अप्रवाहित होने से नालों की लंबाई व चौड़ाई बढ़ने व फैलने की संभावना अधिक बढ़ जाती है. जिसका प्रभाव कृषि योग्य भूमि के आकार में लगातार कम होने के रूप में होता है. इसके साथ ही भू क्षरण अधिक होने से कृषि योग्य भूमि में पैदावार कम होती जाती है. इन-



उपरोक्त समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नालों का प्रसार रोकना अत्यंत आवश्यक हो गया है. इस कार्य हेतु गेबियन संरचनाओं का उपयोग भी प्रभावी रूप से किया जा सकता है.

इस दिशा में नाले के स्थिरीकरण प्रक्रिया की उपयोगिता देखने हेतु इंदौर जिले के ग्राम उमरिया खुर्द में लगभग 600 मीटर लंबे नाले में 5 गेबियन संरचनाएं बनाई गई हैं. इस नाले का जलागम क्षेत्र, समीप के पहाड़ी क्षेत्र व कृषि योग्य भूमि है जिसके कारण इस नाले में काफी तीव्र गति से बहता अप्रवाहित जल बड़ी मात्रा में मिट्टी कणों को अपने साथ बहाकर ले जाता है.

तीव्र गति से बहते हुए इस अप्रवाहित जल को भूमि में रिसाव हेतु उपयुक्त समय नहीं मिल पाता. फलस्वरूप भू जल-भरण की प्रक्रिया लगभग नगण्य हो जाती है. परियोजना के प्रथम वर्ष में ही यह पाया गया कि इन गेबियन संरचनाओं ने जल अप्रवाह गति को काफी कम कर दिया है जिसके फलस्वरूप मिट्टी के कणों को क्षारित होने से बचाया जा रहा है तथा दो समीपस्थ गेबियन संरचनाओं के बीच रूके हुए जल को भूमि में रिसाव हेतु पर्याप्त समय मिल रहा है. इस प्रकार तकनीकी दृष्टि से सही बनाई गई उपयुक्त आकार की गेबियन संरचनाएं, प्रथम वर्ष से ही नाले के स्थिरीकरण के अपने अपेक्षित उद्देश्य को प्राप्त करने में अग्रसर होने के साथ इस प्रकार के कार्यों में लगने वाले धन, समय व खर्च को काफी हद तक कम कर देती हैं. इस प्रकार इन बहुउपयोगी गेबियन संरचनाओं का उपयोग तालाब निर्माण के साथ-साथ नालों का स्थिरीकरण करने में कर व्यर्थ बह जाने वाले जल अप्रवाह की मात्रा व भू-क्षरण को काफी हद तक कम किया जा सकता है. इस प्रकार की गतिविधियां जहां एक ओर पर्यावरण को संतुलित करती हैं वहीं दूसरी ओर बहुमूल्य जल-बूंदों का संग्रहण सतही तथा भू-गर्भीय अवस्था में करने में सहायता प्रदान करती हैं.

इस प्रकार से संग्रहित जल का उपयोग कम नमी वाली अवस्था में खरीफ फसलों एवं रबी फसलों की सिंचाई हेतु किया जा सकता है. यह प्रयोग कृषि महाविद्यालय, इंदौर परिसर में किया जा रहा है. अल्प वर्षा (केवल 437.6 मि.मी. औसत 1000.0 मि.मी. की तुलना में) की परिस्थितियों के बावजूद संग्रहित सतही जल व सदुपयोग सिंचाई कार्यों हेतु लगातार किया जा रहा है.

संस्थापित 1946- भोपाल, सोमवार 29 जनवरी से 4 फरवरी 2001

वर्ष-55 अंक-18 मूल्य रु 6/- पृष्ठ-24

Plate 5.4

Extension through popular article.

जल शक्ति अभियान : कृषक संगोष्ठी सह किसान मेले में सांसद ने कहा

जल संरक्षण को आंदोलन बनाएं हर बूंद बचाने का संकल्प करें

धार। नईदुनिया प्रतिनिधि

धार में जल शक्ति अभियान के तहत आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद छतरसिंह दरबार। ●नईदुनिया

कार्यक्रम में उपस्थित जिले के किसान, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक। ●नईदुनिया

जल शक्ति अभियान अंतर्गत कृषक संगोष्ठी सह किसान मेले का आयोजन शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र में किया गया। मुख्य अतिथि छतरसिंह दरबार ने कहा कि स्वच्छता अभियान की तरह ही देश में जल संरक्षण को लेकर जल शक्ति अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा की गई है। इसका उद्देश्य पूरे देश में पानी को लेकर जागरूकता और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। जिस तरह देशवासियों ने स्वच्छता अभियान को एक आंदोलन का रूप दे दिया वैसे ही जल संरक्षण के लिए आंदोलन की शुरुआत करें। हम सब साथ मिलकर पानी की हर बूंद बचाने के संकल्प करें।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलपति प्रोफेसर एसके राव ने वैज्ञानिक पद्धति से पानी की कमी का सामना कर रहे विकासखंडों में जल संरक्षण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। कलेक्टर श्रीकांत बनोठ ने पौधारोपण एवं जल को कम से कम व्यर्थ कर जल के अधिक से अधिक जल संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। एसपी आदित्य प्रतापसिंह ने 13 विकासखंडों में बन रही गोशालाओं में पौधारोपण का आह्वान किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संतोष वर्मा ने कहा कि प्रमुख जलस्रोतों को सहेजना एवं वैज्ञानिक तरीकों द्वारा जल संरक्षण कर बेहतर उपयोग करें। कार्यक्रम में कृषकों के हित में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा लिखी गई पुस्तकों का विमोचन, प्रदर्शन इकाइयों का उद्घाटन एवं कौशल विकास के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डॉ. गुंजा वास्केल, गौरव सारस्वत, भूपेंद्र कुर्मी, जितेंद्र नायक, धीरज शर्मा एवं चुन्नीलाल पटेलिया ने सराहनीय योगदान दिया। संचालन डॉ. जीएस गाठिए एवं आभार डॉ. जेएस राजपूत ने माना।

धार, नालछा एवं बदनावर चिह्नित

कृषि विज्ञान केंद्र धार के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. केएस किराड़ ने कहा कि संचय जल, बेहतर कल थीम के साथ इसके अंतर्गत देश के 256 जिलों के अधिक प्रभावित 1 हजार 592 विकास खंडों पर जोर दिया जा रहा है। पहले चरण में धार जिले के विकासखंड धार, नालछा एवं बदनावर को अत्यधिक पानी के दबाव वाले क्षेत्र में चिन्हित किया गया है। डॉ. डीएच रानाड़े, प्रधान वैज्ञानिक, मृदा एवं जल संरक्षण इंदौर ने मृदा एवं जल संरक्षण की प्रमुख तकनीकी से किसानों को अवगत कराया। साथ ही फसलों की जल मांग एवं आवश्यकता पर तकनीकी बिंदुओं से अवगत कराया। विशिष्ठ अतिथि डॉ. आर. नागर ने कृषकों को पारंपरिक जल स्रोतों का नवाचार एवं रीचार्ज तकनीक के बारे में बताया। डॉ. एसएस धाकड़ वैज्ञानिक ने भी प्राकृतिक संसाधन विकास एवं उन्नत बुवाई तकनीकी के बारे में कृषकों से चर्चा की। मेड़ नाली पद्धति, क्यारी पद्धति, मल्चिंग, टपक सिंचाई एवं स्प्रिंकलर पद्धति अपनाने की वैज्ञानिक सलाह प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई।

डॉ. जीएस गाठिये ने कहा कि कृषि में जल की बचत के लिए टपक या फव्वारा सिंचाई, कम पानी चाहने वाली फसल एवं किस्में, मृदा की जल धारण क्षमता बढ़ाने के लिए कार्बनिक खाद, गर्मी में गहरी जुताई एवं घरों का पानी जलस्रोतों में उतारकर पानी की बचत कर सकते हैं। डॉ. एसएस चौहान मृदा वैज्ञानिक ने कहा कि कृषि के साथ-साथ सभी कृषकों को घरों में छत का पानी इकट्ठा कर ट्यूबवेल, तालाबों कुओं आदि में संरक्षित करना चाहिए।

राज एक्सप्रेस

जल शक्ति अभियान अंतर्गत कृषि विज्ञान मेले का आयोजन

पांच सौ से अधिक किसान

खेती-किसानी

कृषि वैज्ञानिकों ने जल संरक्षण और कम पानी में अधिक उत्पादन लेने के गुर बताए

प्रकृति की अमूल्य धरोहरों को सहेजने का जिम्मा हमारा : विधायक

खेतों में तालाब खोदें, पानी का संरक्षण होगा : डॉ. भार्गव

I (B)	Success stories and Significant outputs of the project work (2010-2024)

Conversion of Wasted Land to Water Storage Tank and Its Utilization for Increasing the Crop Productivity

- This study was under taken by Operational Research Project for Dryland Agriculture RVSKVV, Campus, College of Agriculture, Indore in a village Lohan, District Dewas (M.P.) during 2011. In this village, it was observed that one-hectare portion of a cultivable land was lying unused for several years. This area was converted into huge water harvesting and runoff from above portion was diverted through underground pipeline for filling it. The increased available water through a developed tank in unused/underutilized area into agricultural use gave so much confidence in the farmer that he brought more area under wheat which requires more irrigation. It is concluded that sincere efforts can be made to bring unused / underutilized area into agricultural use which can increase the total production and gross income of the farmer. Similarly, the availability of water in the form of surface storage also helps in crop diversification, supplementing it during moisture stress/dry spells and reaping high remunerative crops.



Crop diversification due to availability of additional surface water in the tank during 2011 -2014.

Area	Season	Year			
		Before 2010	2011 -12	2012-13	2013-14
11 ha	*Kharif*	Soybean (11 ha)	Soybean (11 ha)	Soybean (11 ha)	Soybean (11 ha)
	Rabi	Wheat (3 ha)	Wheat (11 ha)	Potato (5 ha)	Potato (5 ha)
	Rabi	Chickpea (8 ha)	-	Wheat (6 ha)	Wheat (5 ha)
	Tank capacity – 60000 cu.m. In 2011, 11 ha pre sowing irrigation for rabi, 1/3 of storage water which amounts to 18 cm/ha in vertisols. 11 ha area was provided with two more subsequent irrigations each of 7 cm.			Late wheat variety (5 ha) after harvest of potato	Late wheat variety (5 ha) after harvest of potato

Increasing Water Availability For Enhancing Crop Productivity Through Dovetailing Activities And Participatory Mode

- In a study through dovetailing the various activities for some development work, a suitable site was selected and converted into a huge water storage body through participatory approach. It helped to develop a water storage body of sufficient size which not only retained huge amount of runoff but also recharged the nearby open well and tubewell. The activity made possible to bring additional 4 ha area under wheat (Now it is 7 ha wheat, 2 ha chickpea and 1 ha other crops) and allowed farmer to diversify his cropping pattern and he could grow potato, summer maize, vegetables and sweet potato for his own use and family which was otherwise not possible before. It was also observed that immediately after the construction of the tank, the productivity of both the *kharif* and *rabi* crops increased. Similarly, the area under wheat increased tremendously than chickpea because of increased water availability for sufficient irrigation water to grow wheat crop which require 2-3 more irrigation than chickpea. Further, this also reduced the amount of runoff which was otherwise leaving the watershed area without aiding to surface and sub – surface storage. The increased water availability also brought new area under high remunerative *rabi* crops and increased their productivity on sustainable basis**.**

Solving of Dual Problems of Water Logging and Water Scarcity in Nimar Region.

- After the treatment, it was also observed that the 15 ha cultivated fields of other adjoining farmers also improved tremendously and thus allowing growing both *kharif* and *rabi* crops to their satisfaction. No longer, these fields are suffering due to water logging and severe weed infestation resulting in higher yield levels of *kharif* crops. This also allowed these farmers to carry out timely intercultural operation and sowing of *rabi* crops. During 2014-15, in a study it is concluded that assessing the site-specific problem and then providing its solution scientifically can enhance the crop productivity in the fields otherwise lying unused or underused due to various reasons related to natural resource management aspects. In the present case too, a dual problem of water logging and water scarcity was tackled successfully by following principles of soil and water management through providing suitable drainage system and by constructing water storage structure in participatory mode by dovetailing and convergence process. Many site-specific problems related to natural resource management still exist in the region and can be tackled scientifically.

Land use area before water harvesting tank and installation of sub surface drainage system

Crops and their conditions				
Kharif crops	Maize	Groundnut	Pegionpea	Green gram
Area (ha)	1.0	0.5	0.5	0.5
Weed	Severe	Severe	Moderate	Severe
The yield levels were almost 1/3 of normal yields				
Rabi crops	Wheat	Gram	-	-
Area (ha)	0.5	0.5		
The yield levels were almost 1/3 of the normal yields.				
About 1.5 ha was kept fallow due to water stagnation and limited water availability during *rabi*				
About 15 ha area of other farmers was also getting affected due to water stagnation problem. Fields were heavily infested with weeds.				
Irrigation from open well – 1 or 2 during *kharif* and only once in *rabi*				

Mitigating Adverse Climatic Conditions through Water Harvesting Tank in *Malwa* Region.

- The activity of excavation of water harvesting tank since 2007 in the individual farmer's field was extremely useful in arresting the runoff, bringing the fields into leveled condition through spreading of excavated soil in depressed area thus in avoiding even temporary water logging and reducing the chances of soil erosion. It also enhanced the water availability and allowed him to adjust the cropping sequence, including changing the timing of sowing, planting, spraying, and harvesting. This helped him to take advantage of the changing duration of growing seasons and associated heat and moisture levels with appreciable increase in the crop productivity by turning the mono-cropped area into multi-cropped/crop diversified area. The conjunctive use of ground and harvested surface water allowed him to alter the time at which fields are sowed or planted. It also helped the farmer to regulate the length of the growing season to better suit the adverse climatic conditions. These adaptation strategies helped the farmer and saved his crops from total failure and minimized losses compared to adjoining farmers.





Up scaling and out scaling of technology and Participatory technology demonstration. Natural resource conservation programme for increasing productivity in the region: Construction of water conservation measures, water harvesting tanks and surplus structures, renovation and reshaping of tanks.

- In 2009-2010, two suitable sites one in Muradpura and another at Mavlakhedi were identified for the construction of water conservation measures, water harvesting tanks and surplus structures so that the farmers could construct tanks in their own field for storing the runoff water/increasing the ground water recharge/managing the excess runoff to be used mainly for irrigating the crops and for ground water recharge. These tanks are having storage capacity of 14000 cu.m. each. Thus till 2016 in all, 15 tanks (in Panod, Dakachya, Khudel, faraspur, Muradpura, Mavlakhedi, Ningnoti and Hatod were constructed under the technical guidance of ORP team. The farmers from their own sources arranged the funds for the same. At all the places, suitable surplus arrangements were made as per the requirement. These tanks have retained sufficient runoff water for its use either as surface water or ground water.









Creation of water bodies in farmers fields

Renovation and reshaping of the tank along with construction of outlet ensured increased amount of runoff water and allowed the farmers to grow other crops than wheat and chickpea like potato, berseem, garlic in village Ningnoti in the field of Chandan Singh.

Summer deep ploughing

- Further in 2010-11and 2011-12, farmers were provided technical guidance to use reversible MB plough for deep tillage operation atleast once in a three year. The farmers of the new ORP site Gaddukheri were not aware of this plough so they were shown this plough and one farmer purchased it and provided various farmers on custom hiring. Even the department of farmer's welfare launched a project HALDHAR for providing reversible plough to the farmers on hiring basis and even given subsidy of 50% for the same. This was possible mainly due to consistently advocating by the ORP team and several demonstrations on the deep tillage in this region since a long time.

Deepening and desilting of the tank.

- During 2011-12, farmer of Barlai village was advised for deepening and desilting of the tank. This has helped the farmer to increase the water storage capacity by almost 900 cu.m. which he could get without any expenditure as the desilted soil was purchased by the neighbouring farmers for spreading in their fields to fill the depressions and to increase the fertility status. Thus the farmer could enhance the storage capacity almost free of cost in village Barlai during June 2011.

Development and construction of percolation tank.

- During April 2011, one NGO contacted the ORP team for technical guidance for the construction of a tank in the village Hathunia. One suitable site was selected and a percolation tank was developed under the technical guidance of ORP team. The subsequent monsoon, not only retained huge amount of runoff water but also helped in recharging the adjoining wells and tubewell in addition to saving the fields for getting eroded due to uncontrolled runoff.

Development and construction of water harvesting tank

- During April 2012, one farmer from Ningnoti village contacted the ORP team for technical guidance for the construction and renovation of a tank in the village. The existing tank of very small size was renovated with the provision of a cemented outlet which works as retaining wall and outlet simultaneously. The farmers invested about 2.5 lakh from his own side. The subsequent monsoon, not only retained huge amount of runoff water but also helped in cultivating the farmer various crops like potato, Berseem and new varieties of wheat which require higher amount of irrigation water. The farmers used the stored water for pre sowing irrigation and again filled the tank from other tubewells so that the water can be utilized in the day time with higher discharge rate. Thus, he did not require staying in the field during night hours as the electricity is supplied only during late night hours.

Construction of percolation tank and its seepage control and roof water harvesting

- During May 2014, a water harvesting tank of 30 m x 30 m x 6 m was constructed in the premises of an industry through technical guidance as a result of motivation in a training programme at KVK Dewas by the ORP team. The excavated soil was utilized ad spread in the adjoining fields to make its leveled. Soybean in kharif and wheat in Rabi was plated in this new field. Since the tank was underlained by basaltic murrum as expected, he was advised to put sealant material in the tank in May itself and a tarpaulin sheet of 120 gsm costing 70000/- was laid in the tank to collect the runoff collected through roof water harvesting and diverted into the tank. The tank is still filled in the month of March 2015. This is a result of a HRD programme and faith in scientist community posed by the end user. For this purpose, the owner invested 3.4 lac from his side itself.

- The sunken pond which has been developed in 2011-12, every year collecting again collected a huge amount of runoff water making full advantage of the cemented waste weir. It has resulted in increased storage of runoff water and its efficient utilization for the pre sowing irrigations in the adjoining fields. It has also effectively recharged the nearby open well and providing additional ground water to the farmers.
- The deep ploughed fields not only retained rainwater but also reduced the runoff from the fields due to reduced bulk density and breaking of hard crust below seed zone. This also allowed to better growth and larger potatoes in the field than the unploughed field. This also reduced the number and amount of irrigation water required during rabi 2015 and has been proven to be performing better in scanty rainfall season.

Bringing degraded land to agricultural use impact of soil and water conservation activities and integrated approach.

- Technical guidance was also provided during 2015-16 for the reclamation and treatment of degraded land at Tankapara, Jagdalpur for bringing new area under cultivation and for soil and water conservation on sustainable basis. It was also observed that due to construction of various soil and water conservation measures, the total soil moisture conservation increased as evident from the surface storage in the sunken pond, leveled fields, due to diversion bunds and drains and increased ground water recharge. It has been observed that due to increased recharge the open well constructed in this portion are fully recharged and retaining water up to within 1 m from the soil surface which is otherwise not possible in the untreated area. This has increased its utilization by crops leading to satisfactory growth of crops and plants grown on the reclaimed portion.

Bringing degraded land to agricultural use impact of soil and water conservation activities and integrated approach in Tankpal, Jagdalpur (chhatisgrah)

Innovative and Efficient Water Management practice for Irrigating Rabi Crops through Harvested Water in Malwa Region

- Provision of water harvesting tank in individual farmer's field is found extremely useful in arresting the runoff and thereby allowing the farmers to adjust the traditional farming/irrigation practices for the better utilization and efficient irrigation efficiency. During 2016-17, the surface irrigation practices have been modified to avoid the laborious and exhaustive work to avoid the over irrigation and wastage of water. These innovative practices have been found to be very effective and do not require continuous monitoring and can be operated by unskilled labour with better and efficient irrigation.
- Thus, by using the modified border irrigation system (device), it can be clearly pointed out that the border irrigation is no more labour and time-consuming work and can be operated by unskilled labour with better and efficient irrigation. It is to be highlighted that many farmers of the region visiting his farm and trying to use such useful innovative idea in their fields too. Further, it is to inform that this innovative idea came only after the construction of water harvesting tank in his field through one ICAR funded project by ORP team. The availability of the water in the tank gave him confidence and only then this innovative idea came in his mind during the discussion at the site.



Irrigating many borders at a time Uniform movement of water front in all borders

Evaluation of In-Situ Moisture Conservation Practices and Assessment of Improved Seeding Implements to Mitigate Dry Spells

